अयोध्या में आध्यात्मिक पर्यटन का उदय

चर्चा में क्यों?

वर्ष 2024 में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और विकास कार्य पूरा होने के बाद से शहर में **पर्यटन दस गुना बढ़ने की संभावना** है।

- राम मंदिर के उद्घाटन में **7,000 लोगों के आने की उम्मीद** है। मंदिर खुलने के बाद, **अयोध्या विकास प्राधिकरण** के अनुसार अगले महीने (फरवरी) तक **प्रत्येक दिन 3,00,000-5,00,000 आगंतुकों** के आने की संभावना है।

मुख्य बिंदु:

- भारत के अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की **बहुप्रतीक्षित 'प्राण प्रतिष्ठा' (Consecration Ceremony) 22 जनवरी, 2024 को** होगी।
- मंदिर के उद्घाटन की तैयारी में **शहर में बड़े सुधार हुए** हैं:
  - **अयोध्या के आध्यात्मिक पर्यटन में वृद्धि:** राम मंदिर के उद्घाटन से पहले, अयोध्या में होटल की दरें कथित तौर पर बढ़ गईं है जिनमें से बहुत-सी पहले ही बुक हो चुकी हैं।
  - **टेम्पल टाउन के लिये ट्रेनें:** अमृत भारत ट्रेनें एक नई तरह की सुपरफास्ट ट्रेन हैं जिसमें आधुनिक तकनीक, तेज़ गति और आरामदायक सफर जैसी कई सुविधाएँ मिल जाती हैं।
    - वंदे भारत एक्सप्रेस उत्तर प्रदेश के दो प्रमुख मंदिरों - राम जन्मभूमि और गोरखनाथ को जोड़ेगी।
  - **नया अयोध्या हवाई अड्डा:** पवित्र कार्यक्रम के बाद प्रत्येक दिन राम मंदिर के दर्शन के लिये आने वाले लाखों लोगों को समायोजित करने हेतु एयरलाइंस का **दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और अहमदाबाद** जैसे प्रमुख शहरों से सेवा प्रदान करने का इरादा है।
- राम मंदिर के निर्माण से पहले ही अयोध्या की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। ज़िले में आने वाले पर्यटकों की बढ़ती संख्या स्थानीय लोगों के लिये **रोज़गार के नए अवसर** पैदा करती है।
  - मंदिर के पास कई नए व्यवसाय विकसित हुए हैं, जो पर्यटकों को विभिन्न प्रकार के देशी हस्तशिल्प प्रदान करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rise-of-spiritual-tourism-in-ayodhya